दिन– गुरूवार

दिनांक– 17 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मोतिहारी में आयोजित समारोह में सात हजार दो सौ सत्रह करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा – राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली निःशुल्क दी जाएगी।

03. राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक सात करोड़ आठ लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा हुए।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में वज्रपात की घटना में बाईस लोगों की मौत और तेरह झुलसे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल एक दिवसीय दौरे पर मोतिहारी आ रहे हैं। श्री मोदी इस दौरान सात हजार दो सौ सत्रह करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास को लेकर संकलप्ति हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का मोतिहारी आगमन राज्य के लिए सौभाग्य की बात है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी समारोह के दौरान पीएम आवास योजना, ग्रामीण के तहत चालीस हजार लाभार्थियों के बैंक खाते में एक सौ बासठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही वे बारह हजार लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से नव निर्मित घरों की चाभी सौंपेंगे। प्रधानमंत्री राजेन्द्र नगर– नई दिल्ली समेत चार नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन की शुरूआत भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोतिहारी के गांधी मैदान में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल और आस–पास के क्षेत्रों में सुरक्षा–व्यवस्था कड़ी कर दी है। वहीं, भारत–नेपाल सीमा को आज से दो दिनों के लिए सील कर दिया गया है। इस

दौरान सभी तरह के निजी और व्यवसायिक वाहन नहीं चलेंगे। आम लोगों की आवाजाही पर भी प्रतिबंध रहेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि जुलाई माह से राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक निःशुल्क बिजली मिलेगी। श्री कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे प्रदेश के कुल एक करोड़ सड़सठ लाख परिवारों को फायदा मिलेगा। इधर, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

———बाइट———

श्री चौधरी ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाकर दस हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों में घरेलू उपभोक्ताओं से सहमति लेकर उनके घर की छतों या नजदीकी सार्वजनिक स्थलों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जायेंगे।

———बाइट———

---

राज्य सरकार के एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली फ्री दिये जाने के निर्णय का विभिन्न राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इसे गरीबों के हित में लिया गया एक ऐतिहासिक फैसला बताया है।

———बाइट———

जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने इस फैसले को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि इससे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा।

———बाइट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि फ्री बिजली देने के सरकार के फैसले का स्वागत किया है।

———बाइट———

---

वहीं, राजद समेत विपक्षी दलों ने इसे चुनावी स्टंट करार दिया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि विपक्ष के दबाव में सरकार को फ्री बिजली देने का फैसला लेना पड़ा है।

---बाइट---

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि इस घोषणा से जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई है। सीपीआई एमएल के राज्य सचिव कुणाल ने कहा कि चुनाव को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है।

---

विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र इक्कीस जुलाई से शुरू हो रहा है। पच्चीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठके होंगी। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने बताया कि सत्रहवीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र है। श्री यादव ने कहा कि सत्र के पहले दिन चालू वित्तीय वर्ष का प्रथम अनुपूरक बजट सदन के पटल पर रखा जाएगा, जबकि बाईस और तेईस जुलाई को विधायी कार्य निपटाए जायेंगे। चौबीस जुलाई को अनुपूरक बजट पर वाद–विवाद के बाद मतदान होगा और सत्र के अंतिम दिन गैर सरकारी संकल्प लिये जायेंगे।

---

राज्य में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सुचारू रूप से चल रहा है। अब तक सात करोड़ आठ लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा हो चुके हैं। यह कुल सात करोड़ नवासी लाख से अधिक मतदाताओं की संख्या का नवासी दशमलव सात प्रतिशत है। अब मात्र पांच दशमलव आठ प्रतिशत मतदाताओं के प्रपत्र जमा किए जाने है। अभियान के संपन्न होने में आठ दिन शेष रह गये हैं। निर्वाचन आयोग ने बाकी बचे मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरने की अपील की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि प्रपत्र भरने के लिए प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पांच हजार छह सौ तिरासी विशेष शिविर लगाये गये हैं। श्री गुंजियाल ने कहा कि संभावित तौर पर मृत, दूसरे स्थानों पर स्थानांतरित और दो स्थानों पर रजिस्टर्ड मतदाताओं से जुड़ी जानकारी राजीनतिक दलों के जिलाध्यक्षों के साथ भी साझा की जा रही है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस–पच्चीस के नौवें संस्करण के पुरस्कार आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किए। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में देशवासियों से देश को स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित बनाने के लिए आगे आने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि दो हजार पच्चीस में देश स्वच्छता और आस्था का अद्भुत संगम देखेगा।

———बाइट———

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि वर्ष 2026 के लिए आवासन शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण का आयोजन किया गया है। इस सर्वेक्षण में विभिन्न हितधारकों, राज्य सरकारों, शहरी निकायों तथा लगभग 14 करोड़ लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है। निष्पक्ष सर्वेक्षण द्वारा आंकलन के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी निकायों का पुरस्कारों हेतू चयन किया गया है।

तीन से दस लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में नोयडा को सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार दिया गया। वहीं, दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में अहमदाबाद को पहला स्थान मिला। राजधानी पटना को प्रदेश का सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस वर्ष के सर्वेक्षण में कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में पटना को थ्री–स्टार रेटिंग मिली है।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के आर्थिक विकास के लिए कृतसंकल्पित है। श्री सिंह ने समस्तीपुर में डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को कैबिनेट की मंजूरी मिली है। इस योजना के तहत बिहार के सबसे कम उत्पादन वाले पिछड़े जिलों को चयनित कर उनके विकास के कार्य किये जायेंगे।

———बाइट———

———————————————————————

बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर बाईस लोगों की मौत हो गई। नालंदा में सबसे अधिक पांच लोगों की मृत्यु की सूचना है। वहीं, वैशाली में चार, शेखपुरा में तीन, बांका और पटना में दो–दो और औरंगाबाद, समस्तीपुर, नवादा, जमुई, जहानाबाद तथा भागलपुर जिले में एक–एक व्यक्ति की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गयी। वहीं, मधेपुरा में वज्रपात की चपेट में आने से ग्यारह मजदूर बुरी तरह झुलस गए, जबकि भागलपुर में भी तीन लोगों के झुलसने की सूचना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात की घटना में मारे गए लोगों

के प्रति गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है। श्री कुमार ने मृतकों के आश्रितों को तत्काल चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतकर्ता बरतने की अपील की है।

---

राज्य के अधिकतर भागों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के सक्रिय होने से मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास समेत राज्य के दक्षिणी जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की संभावना है।

.

---

लगातार बारिश के कारण दक्षिण बिहार के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति बन गयी है। फल्गु नदी में उफान से गयाजी और जहानाबाद जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। कई सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। इधर, नालंदा जिले में स्थानीय नदियों, लोकाइन, जिराईन और पंचाने नदियों पर बने तटबंध कई स्थानों पर टूट गए हैं। जिसके कारण जिला मुख्यालय बिहार शरीफ समेत आस–पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ का पानी फैल गया है। लोकाइन नदी पर चिकसौर, हिलसा और एंकगरसराय क्षेत्र में तटबंध टूटने की घटना सामने आई है। शेखपुरा में भारी बारिश के कारण अनुमंडल कार्यालय, समाहरणालय परिसर समेत कई सरकारी कार्यालयों और सार्वजनीक स्थलों पर घुटना भर पानी भर गया है।

---

पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती एक कैदी चंदन मिश्रा की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में पांच हथियारबंद अपराधियों को देखा गया है। पटना सेंट्रल रेंज के आईजी जितेन्द्र राणा ने बताया कि हमलावरों की पहचान की जा रही है। इधर, एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि उत्तम साहित्य समाज को आगे बढाने में सहयोग करता है। श्री खां ने राजभवन में आयोजित समारोह में जाने–माने पत्रकार सुधांशु रंजन की पुस्तक ''रामधारी सिंह दिनकर– मन्यु एवं मार्धुय का संगम'' का लोकापर्ण किया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मोतिहारी में आयोजित समारोह में सात हजार दो सौ सत्रह करोड़ रूपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा – राज्य के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट तक बिजली निःशुल्क दी जाएगी।

03. राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान अब तक सात करोड़ आठ लाख से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र जमा हुए।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में वज्रपात की घटना में बाईस लोगों की मौत और तेरह झुलसे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।